
# मिलन कार्यक्रम समारोह में भाजपा की नीतियों एवं डबल इंजन वाली जनहितैषी एवं जनकल्याणकारी सरकार में सैकड़ों लोग हुए शामिल

## सभी नवीन कार्यकर्ताओं अथवा भाजपा परिवारजनों का भारतीय जनता पार्टी परिवार में स्वागत किया गया





**तेजयुग न्यूज़**

**हरचंदपुर/सतांव :** गुरूवार को स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह व जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी विकास खंड सतांव वा हरचंदपुर में मिलन समारोह कार्यक्रम में भाजपा की नीतियों एवं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की डबल इंजन वाली जनहितैषी एवं जनकल्याणकारी सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर आए हुए सैकड़ों लोगों को भाजपा परिवार में शामिल कराया।

सभी नवीन कार्यकर्ताओं अथवा भाजपा परिवारजनों का भारतीय जनता पार्टी परिवार में स्वागत किया गया। साथ ही उनके सुख दुख में हमेशा खड़े रहने का भरोसा दिया गया। कहा गया कि आप सभी का भाजपा परिवार में स्वागत है। गुरूवार को विकास खंड सतांव और हरचंदपुर में मिलन समारोह कार्यक्रम में भाजपा की नीतियों एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन वाली जनहितैषी एवं जनकल्याणकारी सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर आए हुए सैकड़ों लोगों को मंत्री दिनेश प्रताप सिंह एवं भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने भाजपा परिवार में शामिल कराया। इसी कड़ी में हरचन्दपुर क्षेत्र के महावीर सिंह महाविद्यालय के प्रांगण में मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि एवं उद्यान मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम में कई पूर्व व वर्तमान प्रधान बीडीसी सहित सैकड़ों लोग भाजपा परिवार में शामिल हुए। भाजपा परिवार में शामिल सभी सदस्यों का मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री सिंह ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओ के बारे में चर्चा की। श्री सिंह ने कहा कि यहां मेरा घर है यहां के लोग हमारे परिवार के सदस्य है। सभी के सुख दुख में हमारा परिवार सदैव खड़ा रहता है।

मंत्री ने सेवा व सेवक के महत्त्व के बारे में भी विस्तृत चर्चा की। श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र के व जिले के विकास के लिए मैंने निरन्तर बिना रुके बिना थके प्रयास किया जिसके फलस्वरुप कंकड़ की सड़क से लेकर फोर लेन सड़क तक बनवाने काम किया। क्षेत्र व जिले में कोई ऐसा गांव नही है जिस गांव में दिनेश सिंह के नाम का पत्थर न लगा हो। सेवा ही सम्मान का मार्ग है जिस पर मैं निरन्तर चलता रहूंगा। श्री सिंह ने जिले के महापुरूषो के इतिहास के बारे में भी बताया। गांधी परिवार पर जमकर हमला बोले कहा कि कांग्रेस ने जिले के इतिहास को हमेशा खत्म करने का काम किया है यह जनपद ऋषियों मुनिओ की तपोस्थली है।

### हरचन्दपुर में भी प्रधान व बीडीसी सहित सैकड़ों ने ली भाजपा की सदस्यता

**रायबरेली।** हरचन्दपुर के महावीर सिंह महाविद्यालय के प्रांगण में सैकड़ों प्रधान, बीडीसी व अन्य दलों के नेताओं ने भाजपा में विष्वास जताया है। भाजपा में शामिल होने वालों में नीरज यादव प्रधान गुलूपुर, अषोक सिंह प्रधान पारा, कमल यादव प्रधान फरीदपुर, नरेन्द्र सिंह प्रधान अगुंरी, संतोष प्रधान हसनापुर, राधेष्याम प्रधान रावां, जगन्नाथ यादव प्रधान चकसुन्डा, षिव बहादुर पासवान प्रधान सोहलिया, रमेष पाल प्रधान मोहम्मदपुर डिघौरा, भोला सिंह प्रधान खिलजीपुर करौंदी, कृष्णकान्त प्रधान स्योठी, छोटे लाल पासवान डिघौरा, उमेष कुमार प्रधान अघौरा, बृजेष कुमार पासवान प्रधान टेरा बरौला, मोर्हरम अली प्रधान ऊफरापुर, अब्दुल रहमान प्रधान पष्चिम गांव, प्रेम तिवारी प्रधान जोहवाहिसार, षिव लाल पासवान प्रधान जोहवाषर्की, शषीकान्त प्रधान सेरी, शोभनाथ निर्मल प्रधान बाला, औरजी प्रधान हिलालगंज, संजय यादव प्रधान छिवलामऊ, रामचन्द्र पासवान अध्यक्ष प्रधान संघ पाण्डेयपुर, कमल कुमार प्रधान डिडईन, सुन्दर यादव प्रधान दतौली, छोटे चैधरी प्रधान हरचन्दपुर, इजहार प्रधान कण्डौरा, अषोक सिंह टेरीमनिया टीकर, दीपू सिंह प्रधान शोभापुर, रंजीत सिंह प्रधान मझिगवां, राममनोरथ सिंह प्रधान कासों, राजाराम प्रधान पहाड़पुर, विरेन्द्र सिंह प्रधान कठवारा, गनेष प्रसाद पासवान प्रधान छतैया, राजेष पाल प्रधान शोरा, जितेन्द्र सिंह प्रधान टान्डा, राकेष कुमार श्रीवास्तव प्रधान मुबारकपुर, सर्वेष कुमार प्रधान लालूपुर, सत्यम पटेल प्रधान दाऊदपुर, विजय जयसवाल प्रधान मझिगवां करन, राजेश मौर्या प्रधान अड़ोबर, अतुल पटेल प्रधान चैहनियां सहित सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।



### सतांव में इन लोगों ने भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की

**सतांव, रायबरेली।** मिलन समारोह में अनुराग यादव प्रधान बाँस, वंशराज यादव प्रधान पोरई-समाजवादी कार्यकर्ता, मो सोहेल कांग्रेसी कार्यकर्ता, मो. असलम, लाल खां कांग्रेसी नेता पोरई, गया लोधी प्रधान अटौरा, दलबहादुर प्रधान प्रतिनिधि कांग्रेसी, रामकिशोर गुहा प्रधान ओनई पहाडपुर, सनी बीडीसी, राम खेलावन पासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, मनोज यादव प्रधान लोहड़ा, रामविकेश प्रधान डोमापुर, सन्तोष लोधी जय गुरुदेव, संगीत निर्मल पूर्व प्रधान बरदर, सतीश गौड बीडीसी ओनाई पहाड़पुर, राजेश बीडीसी अटौरा खुर्द, उमाशंकर लोधी प्रधान सुल्तानपुर खेड़ा, महेश चादन जरिया, मथुरा सिंह कांग्रेस ग्रामसभा अध्यक्ष, रामचन्द्र पासवान अध्यक्ष प्रधान संघ पैडेपुर, कमल कुमार प्रधान हिडईन, सुन्दर यादव प्रधान दतौली, छोटे चैधरी प्रधान हरचंदपुर, इजहार प्रधान कंडौरा, अशोक सिंह टेरी मनिया टीकर, दीपू सिंह प्रधान शोभापुर, रंजीत सिंह प्रधान मझिगवां हरदोई,राम मनोरथ सिंह प्रधान कासो, राजाराम प्रधान पहाड़पुर, बिरेंद्र सिंह प्रधान कठवारा, गणेश प्रसाद पासवान प्रधान छतैया ,राजेश पाल प्रधान शोरा, जितेंद्र सिंह प्रधान टाण्डा,राकेश कुमार श्रीवास्तव प्रधान मुबारकपुर ,सर्वेश कुमार प्रधान लालूपुर, सत्यम पटेल प्रधान दाउदपुर, विजय जायसवाल प्रधान मझिंगवाकरन, विजय बहादुर सिंह प्रधान मझिगवांराव, राजेश मौर्य प्रधान अड़ोबर, अतुल पटेल प्रधान चैहनियां, नीरज यादव प्रधान गुलूपुर, अशोक सिंह प्रधान पारा,कमल यादव प्रधान फरीदपुर, नरेंद्र सिंह प्रधान अंगूरी, सन्तोष यादव प्रधान हसनापुर, राधेश्याम चैरसिया प्रधान रहवां, जगन्नाथ यादव प्रधान चकसुंडा, शिव बहादुर पासवान प्रधान सोहलिया, रमेश पाल प्रधान मोहम्मदपुर डिघोरा, भोला सिंह प्रधान खिंजीरपुर करौंदी, कृष्णकान्त प्रधान स्योंथि, होटेलाल पासवान डिघौरा, उमेश कुमार प्रधान अघौरा बृजेश पासवान प्रधान टेरा बरौला, मोहरम अली प्रधान ऊफराफुर, अब्दुल रहमान प्रधान पश्चिम गाँव, प्रेम तिवारी प्रधान जोहवा हिसार, शिवलाल पासवान प्रधान जोहवाशाकज़, शशिकांत प्रधान शेरी, शोभनाथ निर्मल प्रधान बाला, औरजी प्रधान हिलालगंज, संजय यादव प्रधान छिवलामऊ ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# शंकर जी की कृपा से श्राप लगे व्यति की मृत्यु भी टल जाती है : कथावाचक प्रज्ञा विष्णु प्रिया

## बताया, शंकर जी हमेशा सब कुछ प्रदान करने वाले हैं




**शाहिद हुसैन**

**सादुल्लानगर (बलरामपुर) :** क्षेत्र के सादुल्लाह नगर बाजार में चल रहे नौ दिवसीय रुद्रामहायज्ञ के आठवें दिन की भक्त कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कथा व्यास मध्य प्रदेश उज्जैन धाम से पधारी किशोरी प्रज्ञा विष्णु प्रिया जी शंकर जी के महिमा के बारे में बताया कि शंकर जी हमेशा सब कुछ प्रदान करने वाले हैं। जिसे भी जो चीज मांगी वह उसको मिला शंकर जी ऐसे देवता हैं। अगर किसी को मृत्यु का भी श्राप लग जाए तो मृत्यु भी टाल सकते हैं। किसी के सामने काल खड़ा है तो बाबा शंकर महाराज महाकाल बनकर खड़े हो जाते हैं। एक बार की बात है एक गुरुजी ने अपने शिष्य से कहा सुनो यहां आस-पास एक संत रहते हैं।

वह कैसे हैं आज जाओ उन्ही से भिक्षा लेकर आओ। शिष्य गया संत के सामने खड़ा हो गया उधर महात्मा जी शिव का ध्यान लगाए हुए थे। शिष्य कहता है, भिक्षान देहु महात्मा जी को क्रोधित हो गए। बाहर आकर कहा तुझे भिक्षा चाहिए तुझे मैं श्राप देता हूं, आज रात तेरी मृत्यु हो जाएगी। शिष्य गुरु जी के पास वापस आया। सारी बातें बताया अब क्या करूं। गुरुजी शिष्य को आदेश देते हुए कहा कि मेरा पैर दबाओ और जब तक मैं ना रोकूं तब तक नहीं रुकना। उधर गुरुजी बाबा भोलेनाथ का ध्यान लगाकर बैठ गये, रात भर मृत्यु सामने खड़ी रही, देखते रही लेकिन मृत्यु शिष्य को छू भी नहीं सकी और शिष्य की मृत्यु टल गई।गुरु ने कहा अब मेरा पैर छोड़ दो,मृत्यु जा चुकी है। गुरुदेव ने शिष्य से कहा अब तुम्हें 100 वर्ष मिल चुका है। अब मृत्यु नहीं आएगी।

ऐसे है हमारे बाबा भोलेनाथ, बाबा का भक्त आकाल मृत्यु नहीं मर सकता। क्योंकि हमारे बाबा स्वयं महाकाल हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने आए हुए सभी भक्तगणों का व कथा वाचक का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संतोष कुमार सिंह ऊर्फ पिकू सिंह, रमेशचंद्र तिवारी ,बिष्णु गुप्ता, अवधेस कुमार गुप्ता, रमेश जायसवाल, राकेश जायसवाल, दीपू जायसवाल, कमलेश कुमार, विनय कुमार, महेश कुमार, प्रमोद कुमार तिवारी, राम बहोर बर्मा व संदीप, स्रवन वर्मा, अजयकुमार, आशीष कुमार, गुलाब गुप्ता व हनुमान शुक्ला सहित अन्य सैकड़ो महिलाए,बच्चे पुरुष सहित लोगों ने कथा श्रवण किया।

# रोक के बावजूद भूमिधरी जमीन पर किया जा रहा कब्जा

**ऊंचाहार, रायबरेली :** एक गरीब की भूमिधरी जमीन पर कुछ लोग कब्जा करना चाहते हैं । मामले में एसडीएम द्वारा पुलिस बल से रोक दिए जाने के बावजूद दबंग कब्जा करने पर उतारू है, पीड़ित अधिकारियों की चौखट पर दर दर भटक रहा है। मामला ऊंचाहार देहात ग्राम पंचायत के गांव बरगदही का है। गांव के शमशेर पुत्र राम दुलारे का कहना है कि गांव की भूमि संख्या 1361 में उनकी पुस्तैनी भूमिधरी जमीन है। इस भूमि पर ऊंचाहार नगर निवासी एक दबंग कब्जा करना चाहता है। जिससे संबंधित एक वाद अपर आयुक्त लखनऊ में लंबित है। इस मामले में शिकायत की गई थी तो एसडीएम ने पुलिस बल की मदद से मौके पर कब्जा करने से रोक दिया था , किंतु दबंग फिर भी कब्जा कर रहा है। परेशान हाल गरीब अपनी पुस्तैनी भूमि को बचाने के लिए अधिकारियों की चौखट पर दर दर भटक रहा है। उधर एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि प्रकरण में एक बार पुलिस बल भेजकर यथस्थित बनाए रखने की हिदायत दी गई थी, यदि पुनः कब्जा हुआ तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में कानूनी प्रक्रिया पर संगोष्ठी व रतदान शिविर का आयोजन

## मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया




**टी.बी लाल**

**बलरामपुर:** एम एल के पी जी कॉलेज के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ग्राम रंजीतपुर में चल रहे सप्तदिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन कानूनी प्रक्रिया पर संगोष्ठी व रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।

गुरुवार को एन एस एस शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवको व स्वयंसेविकाओं को कानूनी प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को प्रत्येक क्षेत्र में अपना योगदान देना होगा, प्रत्येक छात्र को कानून के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। गुड टच, बैड टच के बारे में जानकारी होना अति आवश्यक है। विद्यार्थी के जीवन में सीखना ही एकमात्र लक्ष्य होता है कि कुछ न कुछ हमें सीखने को मिलता रहे। उन्होंने बताया कि जो बच्चे 18 वर्ष की आयु पार कर चुके है वह गाड़ी चलाते समय ड्राइविंग लाइसेंस जरूर बनवाए। अपर पुलिस अधीक्षक ने कई तरह धाराओं से परिचित कराया जो छात्र-छात्रा के सरंक्षण हेतु बनाये गए हैं। नोडल अधिकारी एन एस एस विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डॉ राजीव रंजन ने कहा कि प्रत्येक जागरूक नागरिक राष्ट्र के उत्थान में अपनी महती भूमिका निभा सकता है।

### गुड टच, बैड टच के बारे में जानकारी होना अति आवश्यक है

कानून का पालन करना हम सभी का परम कर्तव्य है।

मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ आलोक शुक्ल ,डॉ अनामिका सिंह व डॉ रमेश शुक्ल ने सभी का स्वागत किया जबकि डॉ जितेन्द्र भट्ट ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्वयंसेवको व स्वयंसेविकाओं ने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। दूसरे सत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।संयुक्त जिला चिकित्सालय के डॉ फराज अहमद व काउंसलर हिमांशु तिवारी ने रक्तदान के फायदों के बारे में जानकारी दी। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनामिका सिंह सहित स्वयंसेवक मुकेश पाल, प्रिंस चौरसिया, शरद भट्ट व हर्षित द्विवेदी ने रक्तदान किया।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मीडिया प्रतिनिधियों के लिए एडवाइजरी जारी

## पेड न्यूज से बचें मीडियाकर्मी, आचार संहिता का करें पालन, जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द सिंह की अपील



**तेजयुग न्यूज़/टी.बी. लाल**

**बलरामपुर:** बलरामपुर/मीडिया प्रतिनिधियों को भी आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करना है, क्यांकि निर्वाचन कार्य में मीडियाकार्मियों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए समय से जरूरी जानकारियों और निर्देशों से मीडियाकर्मियों को अवगत करा दिया जाय। यह निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द सिंह ने मीडिया प्रमाणन एवं व्यय अनुवीक्षण समिति एमसीएमसी कमेटी को दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए उन्हें भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों से एक बार पुनः सम्यक रूप से अवगत कराया जाना जरूरी है। उन्होंने प्रभारी अधिकारी एमसीएमसी को निर्देश दिया कि जिले में कार्यरत प्रिन्ट मीडिया के प्रतिनिधियों को भी यह अवगत करा दिया जाय कि मतदान समाप्त होने की तिथि 25 मई से 48 घन्टे पूर्व अर्थात 22 मई 2024 के बाद से समाचार पत्रों में पूर्व प्रमाणन के बिना किसी भी प्रत्याशी अथवा पार्टी या संगठन का राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। इसके अलावा प्रिन्ट मीडिया के प्रतिनिधियों को यह भी सुझाव दिया जाय कि वे विज्ञापन दाता से बिना लिखित प्राधिकार पत्र (आरओ) प्राप्त किए कोई भी विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेगें, क्योंकि सम्बन्धित प्रत्याशी, राजनीतिक दल अथवा संगठन द्वारा विज्ञापन प्रकाशित कराए जाने से इन्कार किए जाने की दशा में समाचार पत्र के ब्यूरो प्रमुख/विज्ञापन प्रभारी की ही यह जिम्मेदारी होगी कि वह अन्तिम रूप साबित करे कि यह विज्ञापन अमुक व्यक्ति अथवा संगठन द्वारा ही प्रकाशित कराया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यद्यपि इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया के लिए पूर्व प्रमाणन की व्यवस्था पहले से ही लागू है, फिर भी जनपद में कार्यरत इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों को भी एक बार पुनः अवगत करा दिया जाय कि वे मतदान के 48 घन्टे पूर्व किसी भी प्रत्याशी अथवा राजनीतिक दल की रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक सतर्कता बरतें। साथ ही विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु पूर्व प्रमाणन की व्यवस्था बनाए रखें और पूर्व प्रमाणन के बिना कोई भी विज्ञापन कतई प्रकाशित न करें।

### जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द सिंह ने मीडिया प्रमाणन एवं व्यय अनुवीक्षण समिति एमसीएमसी कमेटी को दिया

उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की है कि मतदान के 48 घन्टे पूर्व किसी भी प्रत्याशी अथवा राजनीतिक दल के पक्ष या विपक्ष में कोई भी खबर प्रसारित या प्रकाशित नहीं की जाएगी। मीडिया मानीटरिंग में लगे कर्मियों को निर्देश दिए हैं कि मतदान से 72 घन्टे के पूर्व का समय प्रचार-प्रसार की दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। इसलिए एमसीएमसी कार्यालय में तैनात किए गए सभी कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रहते हुए न्यूज चैनल्स, विभन्नि सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स और समाचार पत्रों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखेंगे तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध पेड न्यूज अथवा विज्ञापन के मामलों में आवश्यकतानुसार कार्यवाही के लिए सम्बन्धित आरओ, सहायक व्यय प्रेक्षक तथा लेखा टीम को निर्धारित प्रारूप में सूचना भरकर रिपोर्ट करेगें।

# लोस सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान सामान्य जनता के लिए अपील

**मथुरा :** जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ख के अनुसार, जो कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचन अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से नकद या वस्तु के रूप में कोई पारितोष देता है या लेता है तो वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय होगा। इसके अतिरिक्त भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ग के अनुसार जो कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट पहुँचाने की धमकी देता है, वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय होगा। उड़नदस्ते, रिश्वत देने और लेने वालों दोनों के विरुद्ध मामले दर्ज करने के लिए और ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए गठित किए गये हैं जो निर्वाचकों को डराने और धमकाने में लिप्त है। सभी नागरिकों से एतद्वारा अनुरोध किया जाता है कि यदि कोई व्यक्ति रिश्वत की पेशकश करता है या उसे रिश्वत और निर्वाचकों को डराने / धमकाने के मामलों की जानकारी हैं तो उन्हें शिकायत प्राप्त करने के प्रकोष्ठ के फोन नम्बर- 0565-2974934, 2972962, 2972963, 2972964 तथा टोल फ्री नम्बर 0565-1950 पर सूचित करना चाहिए।

# विजिलेंस की टीम ने लेखपाल को 8000 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया



**तेजयुग न्यूज़/योगेंद्र शर्मा**

**बुलंदशहर/स्याना :** नरसेना थाना क्षेत्र में तालाब की पैमाइश के नाम पर मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड के तकनीकी सहायक से 8000 की रिश्वत लेते हुए मेरठ विजिलेंस की टीम ने लेखपाल को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया और लेखपाल को स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी में जुटी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक नरसेना थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर कलां में 10 वर्ष के लिए तालाब का पट्टा आवंटित हुआ था। लेकिन तालाब की भूमि पर ग्रामीणों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। शिकायतकर्ता मत्स्य जीवित सहकारी समिति लिमिटेड भंसौंडा का तकनीकी सहायक है। समिति के अध्यक्ष राजवीर सिंह ने इसकी पैमाइश के लिए स्याना तहसील के अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया था। तहसीलदार ने राजस्व निरीक्षक/हल्का लेखपाल को तालाब की पैमाइश का निर्देश दिया था। शिकायतकर्ता को लेकर हल्का लेखपाल अनुज से मिला तो उसने पैमाइश के नाम पर 15000 रुपए की रिश्वत की मांग कर दी। रुपए नहीं देने पर पैमाइश करने से इनकार कर दिया। मंगलवार को अनुरोध करने पर लेखपाल ने 10 हजार रुपए में तालाब की पैमाइश करने की सहमति दी और पीड़ित से 2000 रुपए मौके पर ही ले लिए। पीड़ित ने बाकी के 8000 रुपए देने से पहले मामले की शिकायत मेरठ विजिलेंस की टीम को दे दी। बृहस्पतिवार को शिकायत पर विजिलेंस मेरठ की एसपी इंदु सिद्धार्थ के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंच गई। नरसेना नहर के पुल पर जैसे ही लेखपाल ने पीड़ित से 8 हजार रुपए रिश्वत ली तो विजिलेंस की टीम ने लेखपाल अनुज को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया और नरसेना थाने में ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपी लेखपाल अनुज के खिलाफ मुकदमे की कार्रवाई में जुटी हुई है। वही लेखपाल के रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार होने के बाद राजस्व विभाग के कर्मचारियों में भी हड़कंप मच गया है।

### समिति के अध्यक्ष राजवीर सिंह ने इसकी पैमाइश के लिए स्याना तहसील के अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया था